   (2) परंपरागत आदिवासी जीवन
   (3) वन-संसाधन
   (4) उपर्युक्त सभी

71. प्रोकैरियोटिक कोशिका की विशेषता है
   (1) भली-प्रकार से संरचित केंद्रक
   (2) केंद्रकीय झिल्ली की अनुपस्थिति
   (3) केंद्रिका की उपस्थिति
   (4) यूकैरियोटिक कोशिका की तुलना में अपेक्षाकृत जवान उम्र

72. निम्नलिखित में से कौन-सा मेल सही है ?
   (1) एस्ट्रोजन – पुरुष हॉर्मोन
   (2) ऐड्रेनलीन – तनाव-मुक्तिकारक
   (3) इंसुलिन – सर्दियों में पृथक्करण/रोधी उपलब्ध कराना
   (4) ईव की पियर – लड़की की गर्दन

73. लोटनिक, स्थैतिक और सर्पी घर्षण का निम्नलिखित में से कौन-सा सही बढ़ता क्रम है ?
   (1) लोटनिक, स्थैतिक, सर्पी
   (2) लोटनिक, सर्पी, स्थैतिक
   (3) स्थैतिक, सर्पी, लोटनिक
   (4) सर्पी, स्थैतिक, लोटनिक

**78.** Which one of the following is a fossil fuel ?

(1) Compressed Natural Gas (CNG)

(2) Liquid Hydrogen (LH)

(3) Polyethylene Terethalate (PET)

(4) Low Density Propane (LDP)

**78.** निम्नलिखित में से कौन-सा फॉसिल (जीवाश्मी) ईंधन है ?

(1) कम्प्रैस्ड नैचुरल गैस (सी एन जी)

(2) लिक्विड हाइड्रोजन (एल एच)

(3) पॉलिएथिलीन टेरेथलेट (पी ई टी)

(4) लो डेन्सिटी प्रोपेन (एल डी पी)

**79.** Which one of the following statements about myopia is ***incorrect*** ?

(1) A myopic person wears spectacles having concave lens

(2) Myopia is caused due to elongation of eye-ball

(3) A myopic person cannot see nearby objects clearly

(4) The far point of myopic eye comes closer

**79.** मायोपिया के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***गलत*** है ?

(1) मायोपिया पीड़ित व्यक्ति अवतल लेन्स के चश्मे पहनता है

(2) मायोपिया नेत्र-गोलक के दीर्घीकरण के कारण होता है

(3) मायोपिया से पीड़ित व्यक्ति निकट की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से नहीं देख सकता

(4) मायोपिया से पीड़ित आँख का दूरस्थ बिन्दु निकट आ जाता है

**80.** Washing the rice many times using a large amount of water before cooking leads to

(1) loss of vitamin 'E'

(2) loss of vitamin 'B'

(3) loss of the water-soluble carbohydrates

(4) loss of the surface protein

**80.** पकाने से पहले चावल को अधिक मात्रा वाले पानी से कई बार धोने से

(1) विटामिन 'ई' नष्ट हो जाता है

(2) विटामिन 'बी' नष्ट हो जाता है

(3) जल-विलेय कार्बोहाइड्रेट्स नष्ट हो जाते हैं

(4) सतही प्रोटीन नष्ट हो जाता है

**81.** A Merry-Go-Round is moving at a non-varying speed of 10 m/s. It implies that

(1) it is moving with uniform velocity

(2) it is moving with uniform acceleration

(3) it is moving with uniform speed

(4) the actual distance covered by swings with respect to each other is 10 metres

**81.** चक्रदोला (मैरी-गो-राउण्ड) 10 m/s की अपरिवर्ती गति से घूमता है । इसका निहितार्थ यह है कि

(1) वह एकसमान वेग से घूम रहा है

(2) वह एकसमान त्वरण से घूम रहा है

(3) वह एकसमान गति से घूम रहा है

(4) एक-दूसरे के सापेक्ष स्विंगों द्वारा तय की गई वास्तविक दूरी 10 मीटर है

74. Which one of the following alloys contains non-metal as one of its constituents ?

(1) Amalgam

(2) Steel

(3) Bronze

(4) Brass

75. When white light passes through a prism, the colour which bends the least is

(1) Indigo

(2) Red

(3) Orange

(4) Violet

76. A student exhibits the following three traits A, B, C. According to the three domains of personality,

| A | B | C |
|---|---|---|
| Does not waste the water while using it | Tells the chemical formula of water correctly | Accurately measures the volume of a sample of water |

which one of the following is a correct sequence for the three different domains ?

(1) A-Affective, B-Cognitive, C-Psychomotor

(2) A-Psychomotor, B-Cognitive, C-Affective

(3) A-Cognitive, B-Psychomotor, C-Affective

(4) A-Cognitive, B-Affective, C-Psychomotor

77. Metallic oxides are ________ in nature.

(1) neutral

(2) acidic

(3) basic

(4) amphoteric

74. निम्नलिखित में से कौन-सी मिश्रधातु में उसके एक संघटक के रूप में अधातु होती है ?

(1) पारद मिश्रण

(2) स्टील

(3) काँसा

(4) पीतल

75. जब एक प्रिज़्म में से श्वेत प्रकाश को गुज़ारा जाता है, तो सबसे कम झुकाव होने वाला रंग है

(1) नीला (indigo)

(2) लाल

(3) नारंगी

(4) बैंगनी

76. एक विद्यार्थी निम्नलिखित तीन गुण A, B, C प्रदर्शित करता है । व्यक्तित्व के तीन क्षेत्रों के अनुसार,

| A | B | C |
|---|---|---|
| पानी का उपयोग करते हुए उसे बर्बाद नहीं करता | पानी का रासायनिक सूत्र सही बताता है | पानी के नमूने का आयतन सही मापता है |

तीन अलग क्षेत्रों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सही क्रम है ?

(1) A-भावात्मक, B-संज्ञानात्मक, C-मनोगतिक

(2) A-मनोगतिक, B-संज्ञानात्मक, C-भावात्मक

(3) A-संज्ञानात्मक, B-मनोगतिक, C-भावात्मक

(4) A-संज्ञानात्मक, B-भावात्मक, C-मनोगतिक

77. प्रकृति में धात्विक ऑक्साइड ________ होते हैं ।

(1) उदासीन

(2) अम्लीय

(3) क्षारीय

(4) उभयधर्मी

**82.** Which one of the following is most appropriate with reference to Science and Technology ?

(1) Science follows scientific method while Technology does not

(2) Science is more creative than Technology

(3) Science is open-ended while Technology is goal-oriented

(4) Science was present in ancient times while Technology was not

**83.** 'Historical Validity' of Science curriculum is necessary to

(1) view science as a social enterprise

(2) counterbalance the scientific validity of history

(3) ensure the correctness of dates of scientific discoveries in the past

(4) prove that history is as natural in nature as science

**84.** 'Inquiry Based Curricula' is based on

(1) Deductive reasoning

(2) Inductive reasoning

(3) Heuristic reasoning

(4) Analogical reasoning

**85.** 'Science Curriculum' should aim to

(1) develop stamina to work for long hours

(2) supplement the content with a pedagogical strategy to be followed by all the schools

(3) compartmentalise subjects to achieve specialisation

(4) cultivate objectivity, critical thinking and freedom from fear and prejudice

**82.** विज्ञान एवं तकनीकी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(1) विज्ञान वैज्ञानिक पद्धति का अनुगमन करता है जबकि तकनीकी ऐसा नहीं करती

(2) विज्ञान तकनीकी की तुलना में ज़्यादा सृजनात्मक है

(3) विज्ञान मुक्त-अंत वाला है जबकि तकनीकी लक्ष्योन्मुखी है

(4) विज्ञान प्राचीन काल में उपस्थित था जबकि तकनीकी नहीं थी

**83.** विज्ञान पाठ्यचर्या की 'ऐतिहासिक वैधता' ज़रूरी है

(1) विज्ञान को एक सामाजिक उद्यम के रूप में देखने के लिए

(2) इतिहास की वैज्ञानिक वैधता को प्रति-संतुलित करने के लिए

(3) अतीत में वैज्ञानिक खोजों की तारीख़ों की यथातथ्यता को सुनिश्चित करने के लिए

(4) यह सिद्ध करने के लिए कि इतिहास अपनी प्रकृति में विज्ञान की तरह प्राकृतिक है

**84.** 'परिपृच्छा अथवा जाँच-पड़ताल आधारित पाठ्यचर्या' ________ पर आधारित है ।

(1) निगमनात्मक तर्कणा

(2) आगमनात्मक तर्कणा

(3) खोजपरक तर्कणा

(4) सादृश्यतापरक तर्कणा

**85.** 'विज्ञान पाठ्यचर्या' का उद्देश्य होना चाहिए

(1) कई घंटों तक कार्य करने की क्षमता विकसित करना

(2) विषय-वस्तु को शिक्षा-शास्त्रीय रणनीतियों से संपूरित करना जिसे सभी विद्यालयों द्वारा अपनाया जाए

(3) विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए विषयों को अलग-अलग बाँटना

(4) वस्तुनिष्ठता, तार्किक चिंतन एवं भय तथा पूर्वाग्रह से मुक्ति को विकसित करना

**86.** Which of the following is among the principles proposed by the NCF, 2005 for the development of curriculum ?

(1) Making examinations more flexible and integrating them with classroom life

(2) Ensuring that the learning takes place unhurriedly to relieve the stress on students

(3) Ensuring the preclusion of controversial references in the content

(4) Updating the level of learning to the international level

**86.** पाठ्यचर्या विकसित करने के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 के द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत सुझाया गया है ?

(1) परीक्षाओं को ज़्यादा लचीला बनाना और कक्षा-कक्षीय जीवन के साथ एकीकृत करना

(2) यह सुनिश्चित करना कि विद्यार्थियों के तनाव को दूर करने के लिए सीखना धैर्यपूर्वक तरीके से हो

(3) विषय-वस्तु में विवादास्पद संदर्भों के निवारण को सुनिश्चित करना

(4) अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक सीखने के स्तर को अद्यतन करना

**87.** The largest gland in the human body is

(1) Pituitary

(2) Liver

(3) Adrenal

(4) Pancreas

**87.** मानव-शरीर में सबसे बड़ी ग्रंथि है

(1) पिट्यूटरी

(2) लिवर (यकृत)

(3) ऐड्रिनल

(4) पैन्क्रियाज़

**88.** Which of the following is present in the Acid Rain ?

(1) Sulphurous Acid

(2) Nitrous Acid

(3) Carbonic Acid

(4) Carboxylic Acid

**88.** अम्ल वर्षा में निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल उपस्थित होता है ?

(1) सल्फ्यूरस अम्ल

(2) नाइट्रस अम्ल

(3) कार्बोनिक अम्ल

(4) कार्बोक्सिलिक अम्ल

**89.** Which features adapt polar bears to live in extremely cold climate ?

(1) A white fur, fat below skin, keen sense of smell

(2) Thin skin, large eyes, a white fur

(3) Small eyes, strong claws, white large paws

(4) White body, paws for swimming, extra gills for respiration

**89.** अत्यंत शीत जलवायु में रहने वाले ध्रुवीय भालू कौन-सी विशेषता रखते हैं ?

(1) सफ़ेद फर, त्वचा के नीचे वसा, गंध की तीव्र क्षमता

(2) पतली त्वचा, बड़ी आँखें, सफ़ेद फर

(3) छोटी आँखें, मज़बूत पंजे, सफ़ेद बड़े पंजे

(4) सफ़ेद शरीर, तैरने के लिए पंजे, श्वसन के लिए अतिरिक्त गिल (गलफड़ा)

**90.** Which of the following is used in place of an 'Electric Fuse' ?

(1) A small piece of wire having high melting point

(2) Miniature circuit breaker

(3) An ISI-marked electric switch

(4) A small piece of insulating material

**90.** 'विद्युतीय फ्यूज़' की जगह निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जाता है ?

(1) उच्च गलनांक वाला तार का छोटा टुकड़ा

(2) लघु परिपथ विच्छेदक

(3) आई.एस.आई. चिह्न वाला इलेक्ट्रिक स्विच

(4) रोधी सामग्री का एक छोटा टुकड़ा

| | |
|---|---|
| *Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part II (Mathematics and Science) OR from Part III (Social Studies/Social Science).* | *परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।* |

## PART III / भाग III

## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान)

**31.** According to archaeologists, during the Paleolithic period, 'factory sites' were

(1) places where the food was stored

(2) places where stones were found and people made tools

(3) places where clothes were made from the animal skins

(4) caves where paintings were drawn

**31.** पुरातत्वविदों के अनुसार, पुरापाषाण काल में 'उद्योग स्थल' थे

(1) वे स्थान जहाँ भोजन एकत्र करते थे

(2) वे स्थान जहाँ पत्थर पाए जाते थे और मनुष्य औज़ार बनाते थे

(3) वे स्थान जहाँ जानवरों की खाल से कपड़े बनते थे

(4) वे गुफ़ाएँ जहाँ चित्रकारी की गई थी

**32.** In which of the two Harappan sites has evidence of the *'fire altars'* been found ?

(1) Mohenjodaro and Harappa

(2) Harappa and Kalibangan

(3) Kalibangan and Lothal

(4) Lothal and Mohenjodaro

**32.** इनमें से कौन-से दो हड़प्पाकालीन स्थल थे जहाँ 'अग्निवेदी' के प्रमाण पाए गए ?

(1) मोहनजोदड़ो और हड़प्पा

(2) हड़प्पा और कालीबंगा

(3) कालीबंगा और लोथल

(4) लोथल और मोहनजोदड़ो

**33.** 'Megaliths' are

(1) stone tools used by Paleolithic people

(2) burial sites

(3) remains of comets and asteroids

(4) sculptures worshipped by the Harappan people

**33.** 'महापाषाण' *(मेगालिथ)* हैं

(1) पुरापाषाणकालीन मनुष्यों द्वारा इस्तेमाल किए गए पाषाण औज़ार

(2) कब्रिस्तान

(3) धूमकेतु और क्षुद्रग्रह के अवशेष

(4) हड़प्पाकालीन मनुष्यों द्वारा पूजी जाने वाली मूर्तियाँ

**34.** A tax was termed as *'bhaga'* during the *Mahajanapada* period. What was the rate of *bhaga* ?

(1) 1/4th of the produce

(2) 1/2 of the produce

(3) 1/3rd of the produce

(4) 1/6th of the produce

**34.** *महाजनपद* काल के दौरान कई तरह का कर वसूलते थे, इनमें से एक था *'भाग'* । *भाग* की क्या दर थी ?

(1) उत्पाद का 1/4वाँ

(2) उत्पाद का 1/2वाँ

(3) उत्पाद का 1/3वाँ

(4) उत्पाद का 1/6वाँ

**35.** Which one of the following classes was a prominent supporter of *Jainism* ?

(1) *Brahmanas*

(2) *Kshatriyas*

(3) *Vaishyas*

(4) *Shudras*

**36.** Who among the following believed that only those who left their homes could gain true knowledge ?

(1) Mahavira and Parshvanatha

(2) Mahavira and Buddha

(3) Vedic sages

(4) Buddha and Makkali Goshal

**37.** *'Shrenis'* were

(1) Coins issued by *Kushana* rulers

(2) Degrees of Vedic education

(3) Associations of merchants

(4) Parts of temple architecture

**38.** Which of the following rulers were defeated by Samudragupta but were allowed to rule after surrender ?

(1) Rulers of *Aryavrata*

(2) Rulers of *Dakshinapatha*

(3) Rulers of *gana-sanghas*

(4) Descendants of *Kushanas and Shakas*

**35.** *जैनवाद* के प्रमुख समर्थक निम्नलिखित वर्ग में से कौन थे ?

(1) *ब्राह्मण*

(2) *क्षत्रिय*

(3) *वैश्य*

(4) *शूद्र*

**36.** निम्नलिखित में से किनका विश्वास था कि केवल जो अपने घरों को छोड़ते हैं वे ही सच्चा ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं ?

(1) महावीर एवं पार्श्वनाथ

(2) महावीर एवं बुद्ध

(3) वैदिक मनीषी

(4) बुद्ध एवं मक्कली घोषाल

**37.** *'श्रेणियाँ'* थीं

(1) *कुशाण* शासकों द्वारा जारी सिक्के

(2) वैदिक शिक्षा की डिग्रियाँ

(3) व्यापारियों के संगठन

(4) मंदिर वास्तुकला के हिस्से

**38.** समुद्रगुप्त द्वारा निम्नलिखित में से किन शासकों को पराजित किया गया परन्तु समर्पण करने के बाद उन्हें शासन करने की अनुमति दी गई थी ?

(1) आर्यव्रत के शासक

(2) दक्षिणपथ के शासक

(3) गण-संघों के शासक

(4) कुषाण और शक वंश के वंशज

39. Aryabhatta, the great astronomer, was a member of the Court of

(1) Chandragupta II

(2) Samudragupta

(3) Kanishka

(4) Harshavardhan

40. Rulers of which dynasty had been called as the Lord of *dakshinapatha* ?

(1) *Chola*

(2) *Vakataka*

(3) *Satavahana*

(4) *Shaka*

41. Ashvaghosha had written the biography of Buddha — *'Buddhacharita'* in which of the following languages ?

(1) Pali

(2) Prakrit

(3) Sanskrit

(4) Apabhramsa

42. *'Hanafi'* and *'Shafii'* are

(1) Islamic schools of law

(2) Islamic schools of architecture

(3) Islamic schools of theology

(4) Islamic styles of writing

43. The primary duty of *Samantas* towards the King was to

(1) pay taxes

(2) provide military support

(3) be present in the court

(4) entertain kings

39. महान् ज्योतिर्विद आर्यभट्ट ________ के दरबार के सदस्य थे ।

(1) चंद्रगुप्त द्वितीय

(2) समुद्रगुप्त

(3) कनिष्क

(4) हर्षवर्धन

40. किस राजवंश के शासकों को *दक्षिणपथ* का भगवान कहा जाता था ?

(1) *चोल*

(2) *वकतक*

(3) *सतवाहन*

(4) *शक*

41. अश्वघोष ने बुद्ध की जीवनी — *'बुद्धचरित'* निम्नलिखित में से किस भाषा में लिखी है ?

(1) *पाली*

(2) *प्राकृत*

(3) *संस्कृत*

(4) *अपभ्रंश*

42. *'हनफी'* और *'शफी'* हैं

(1) कानून के इस्लामिक विद्यालय

(2) वास्तुकला के इस्लामिक विद्यालय

(3) धर्मविज्ञान के इस्लामिक विद्यालय

(4) लेखन की इस्लामिक शैलियाँ

43. राजा के प्रति *सामंतों* का मुख्य कर्तव्य था

(1) कर चुकाना

(2) सैनिक सहायता उपलब्ध कराना

(3) दरबार में हाज़िर रहना

(4) राजाओं का मनोरंजन करना

**44.** *'Dehliwal'* was

(1) a resident of Delhi

(2) a coin of Delhi

(3) a fort of Delhi

(4) a type of woollen cloth

**45.** *'Delhi-i-Kunha'* and *'Jahanpanah'* are

(1) Titles possessed by the Sultans of Delhi

(2) Canals built by the Mughals

(3) Cities built by the Sultans of Delhi

(4) Designation of higher officials in the Mughal period

**46.** *'Black towns'* were established in India by European companies

(1) to use African slaves for working in the factories

(2) to confine native traders for impeding their trade

(3) to corner Indians and dogs so as to prevent their entry into the British clubs

(4) to imprison those who were against their companies (Kala Pani)

**47.** *Devanas, Chhipigars* and *Rangrez* were

(1) People engaged in the process of making clothes

(2) Officials working with the East India Company

(3) Temple officials of South India

(4) Notified criminal tribes

**44.** *'देहलीवाल'* था

(1) दिल्ली का एक निवासी

(2) दिल्ली का एक सिक्का

(3) दिल्ली का एक किला

(4) एक प्रकार का ऊनी वस्त्र

**45.** *'देहली-ए-कुह्ना'* और *'जहाँपनाह'* हैं

(1) दिल्ली सुलतानों द्वारा ली गई उपाधियाँ

(2) मुगलों द्वारा बनाई गई नहरें

(3) दिल्ली सुलतानों द्वारा निर्मित शहर

(4) मुगल काल में उच्च अधिकारियों के पदनाम

**46.** यूरोपीय कंपनियों द्वारा भारत में *'ब्लेक टाउन्स' ('Black Towns')* की स्थापना की गई

(1) फैक्टरियों में काम करने के लिए अफ्रीकी गुलामों का इस्तेमाल करने के लिए

(2) स्थानीय व्यापारियों के व्यापार पर रोक लगाने हेतु उन्हें किनारे करने के लिए

(3) भारतीयों तथा कुत्तों को किनारे करने के लिए ताकि उनका ब्रिटिश क्लबों में प्रवेश न हो

(4) उन्हें क़ैद (काला पानी) करना जो उनकी कंपनियों के विरुद्ध थे

**47.** *दीवान, छिप्पीगर* और *रंगरेज* हैं

(1) वस्त्र बनाने की प्रक्रिया में शामिल व्यक्ति

(2) ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ काम करने वाले अधिकारी

(3) दक्षिण भारत के मंदिर-अधिकारी

(4) अधिसूचित अपराधी जनजातियाँ

**48.** The East India Company wanted to secure the control over North-West and fought wars with Afghanistan

(1) as they wanted to reach the natural political boundary of India established by previous rulers

(2) to control the trade route passing through Afghanistan

(3) to counter the Russian expansion in Asia

(4) as they wanted to attack Persia to get the booty

**49.** Vernacular Press Act, 1878 was passed to

(1) allow Indians to print newspapers and magazines

(2) allow Europeans to print newspapers and magazines in India

(3) silence the voices of those who were critical of the British government

(4) allow printing in vernacular languages

**50.** *Khilafat* Movement was started in 1920 to

(1) unite Muslims of India

(2) co-operate with the Congress in the national movement

(3) protest against ill-treatment meted out to the *Khalifa* of *Turkey*

(4) counter the movements of Muslim League

**51.** Which of the following is true with reference to 180° E and 180° W longitude ?

(1) They are opposite to each other

(2) Both are the same

(3) They are 180° apart from each other

(4) Distance between them always remain constant

**48.** ईस्ट इंडिया कंपनी उत्तर-पश्चिम पर नियंत्रण सुरक्षित रखना चाहती थी और उसने अफगानिस्तान से युद्ध लड़े

(1) क्योंकि वह पूर्व शासकों द्वारा स्थापित भारत की प्राकृतिक राजनैतिक सीमाओं तक पहुँचना चाहती थी

(2) अफगानिस्तान से गुज़रने वाले व्यापार-मार्गों पर नियंत्रण के लिए

(3) एशिया में रूस के विस्तार का विरोध करने के लिए

(4) क्योंकि वह पर्शिया पर आक्रमण करके लूट का माल लेना चाहती थी

**49.** वर्नाकुलर प्रेस ऐक्ट, 1878 ________ पारित किया गया ।

(1) भारतीयों को समाचार-पत्र एवं पत्रिकाएँ छापने की अनुमति देने के लिए

(2) भारत में समाचार-पत्र एवं पत्रिकाएँ छापने के लिए यूरोपियों को अनुमति देने के लिए

(3) ब्रिटिश सरकार के आलोचकों को खामोश करने के लिए

(4) वर्नाकुलर भाषाओं में छापने की अनुमति देने के लिए

**50.** *खिलाफत* आंदोलन 1920 में ________ शुरू हुआ ।

(1) भारत में मुसलमानों को एक करने के लिए

(2) राष्ट्रीय आंदोलन में कांग्रेस को सहयोग देने के लिए

(3) *तुर्की* के *खलीफा* के प्रति ख़राब व्यवहार के विरुद्ध प्रतिरोध करने के लिए

(4) मुस्लिम लीग आंदोलनों का विरोध करने के लिए

**51.** 180° पूर्व और 180° पश्चिम देशांतर के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(1) दोनों एक-दूसरे के विपरीत हैं

(2) दोनों समान हैं

(3) दोनों एक-दूसरे से 180° अलग हैं

(4) दोनों के बीच की दूरी सदैव स्थिर रहती है

**52.** The elevation of land is measured from the level of the sea because

(1) major part of the Earth is covered under water

(2) the level of sea water keeps changing with tides and ebbs

(3) the level of sea water remains the same everywhere

(4) it is a tradition started in Spain and followed since then

**53.** *Dakshin Gangotri* is

(1) origin of the river Kaveri in Southern India

(2) meeting point of the Ganges with the Bay of Bengal

(3) a research station established by India in the Antarctica

(4) Origin of the river Ganges in the state Uttarakhand

**54.** *Stacks* are formed by

(1) rivers

(2) sea waves

(3) snow

(4) wind

**55.** The correct sequence of different spheres in the atmosphere of the Earth if we move away from the Earth is

(1) Stratosphere, Troposphere, Mesosphere

(2) Troposphere, Stratosphere, Mesosphere

(3) Stratosphere, Thermosphere, Mesosphere

(4) Exosphere, Mesosphere, Troposphere

**52.** ज़मीन की ऊँचाई समुद्र तल से मापी जाती है क्योंकि

(1) पृथ्वी का अधिकांश भाग पानी से घिरा हुआ है

(2) समुद्र जल का स्तर ज्वार-भाटों के साथ परिवर्तित होता रहता है

(3) समुद्र जल का स्तर सब जगह समान रहता है

(4) यह स्पेन द्वारा शुरू की गई परंपरा है और तभी से इसका पालन हो रहा है

**53.** *दक्षिण गंगोत्री* है

(1) दक्षिणी भारत में कावेरी नदी का उद्गम

(2) बंगाल की खाड़ी के साथ गंगा का मिलन स्थान

(3) अंटार्कटिका में भारत द्वारा स्थापित शोध केन्द्र

(4) उत्तराखंड राज्य में गंगा की नदी का उद्गम

**54.** *स्टैक* ________ बनाई जाती हैं ।

(1) नदियों द्वारा

(2) समुद्री तरंगों द्वारा

(3) बर्फ द्वारा

(4) हवा द्वारा

**55.** यदि हम पृथ्वी से दूर जाते हैं तो पृथ्वी के वायुमंडल में विभिन्न मंडलों का सही क्रम है :

(1) समतापमंडल, क्षोभमंडल, मध्यमंडल

(2) क्षोभमंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल

(3) समतापमंडल, बाह्य वायुमंडल, मध्यमंडल

(4) बहिर्मंडल, मध्यमंडल, क्षोभमंडल

56. Which country possesses ***no*** known mineral deposits ?

(1) Myanmar

(2) Poland

(3) Switzerland

(4) Denmark

57. The brand *'Amul'* is a successful example of

(1) Butter Industry

(2) Public-Sector Industry

(3) Co-operative Sector Industry

(4) Private Sector Industry

58. 'Balancing the need to use resources and also conserve them for the future' is __________ development.

(1) Resourceful

(2) Supportable

(3) Sustainable

(4) Superficial

59. The most appropriate to prevent soil erosion on steep slopes is

(1) Mulching

(2) Shelter Belts

(3) Terrace Cultivation

(4) Inter-cropping

60. The Population Pyramid indicates

(1) age, sex and composition of population

(2) population density

(3) pattern of population distribution

(4) ratio of birth and death rates

56. किस देश में कोई ज्ञात खनिज निक्षेप ***नहीं*** है ?

(1) म्याँमार

(2) पोलैंड

(3) स्विटज़रलैंड

(4) डेनमार्क

57. *'अमूल'* ब्रैंड __________ का सफल उदाहरण है ।

(1) मक्खन उद्योग

(2) सार्वजनिक क्षेत्र उद्योग

(3) सहकारी क्षेत्र उद्योग

(4) निजी क्षेत्र उद्योग

58. 'संसाधनों के उपयोग की आवश्यकता को संतुलित करना एवं भविष्य के लिए उनका संरक्षण करना' __________ विकास है ।

(1) संसाधन-संपन्न

(2) सहयोगी

(3) धारणीय

(4) सतही

59. तीव्र ढालों पर मृदा अपरदन की रोकथाम का सर्वाधिक उचित उपाय है

(1) मल्च बनाना

(2) रक्षक मेखलाएँ

(3) सीढ़ीदार खेती (वेदिका फार्म)

(4) बीच की फ़सल उगाना

60. जनसंख्या पिरामिड संकेत करता है

(1) आयु, लिंग तथा जनसंख्या का संघटन

(2) जनसंख्या घनत्व

(3) जनसंख्या वितरण की संरचनात्मक व्यवस्था (pattern)

(4) जन्म एवं मृत्यु दर का अनुपात

61. Law on a subject in the Concurrent List of the Constitution can be passed by

(1) Central Government

(2) State Government

(3) Both the Central as well as State Government

(4) The Supreme Court

62. The Cauvery river dispute is between

(1) Andhra Pradesh and Karnataka

(2) Andhra Pradesh and Tamil Nadu

(3) Kerala and Karnataka

(4) Tamil Nadu and Karnataka

63. 'The Cooked Midday Meal Programme' was introduced for the first time by

(1) Uttar Pradesh

(2) Odisha

(3) Andhra Pradesh

(4) Tamil Nadu

64. Advertising promotes

(1) Social equality

(2) Social inequality

(3) Social justice

(4) Only the utility products

65. India being a secular state

(1) intervenes in the religious matters

(2) does not intervene in religious matters

(3) maintains 'principled distance' as per the Constitution

(4) patronises all religions

61. संविधान की समवर्ती सूची के विषय पर कानून को ________ द्वारा पारित किया जा सकता है ।

(1) केंद्र सरकार

(2) राज्य सरकार

(3) केन्द्र व राज्य सरकार दोनों

(4) उच्च न्यायालय

62. कावेरी नदी विवाद ________ के बीच है ।

(1) आंध्र प्रदेश और कर्नाटक

(2) आंध्र प्रदेश और तमिल नाडु

(3) केरल और कर्नाटक

(4) तमिल नाडु और कर्नाटक

63. ________ के द्वारा पहली बार 'पकाया हुआ मध्याह्न भोजन कार्यक्रम' शुरू किया गया ।

(1) उत्तर प्रदेश

(2) ओडीशा

(3) आंध्र प्रदेश

(4) तमिल नाडु

64. विज्ञापन ________ को बढ़ावा देता है ।

(1) सामाजिक समानता

(2) सामाजिक असमानता

(3) सामाजिक न्याय

(4) केवल उपयोगिता उत्पादों

65. एक धर्मनिरपेक्ष राज्य होने के नाते भारत

(1) धार्मिक मुद्दों में हस्तक्षेप करता है

(2) धार्मिक मुद्दों में हस्तक्षेप नहीं करता

(3) संविधान के अनुसार 'सैद्धांतिक दूरी' बनाए रखता है

(4) सभी धर्मों को संरक्षण देता है

**66.** Which of the following is a 'Public facility' ?

(1) Public health care

(2) Public protest

(3) Public schools

(4) Public Provident Fund

**67.** Drop-out rate of the girl students from disadvantaged groups is higher due to

(1) Parents' apathy to their study

(2) Early marriages

(3) Poor socio-economic status (SES) of their families

(4) Absence of girls' schools

**68.** Full version of the abbreviation EVM is

(1) Electronic Vision Model

(2) Extended Values Modules

(3) Electronic Voting Machine

(4) Election Vehicle Monitoring

**69.** 'Rule of the law' means

(1) rule out the possibility of law-breaking

(2) rules and laws are indispensable for a democratic society

(3) rules and laws apply equally to all

(4) rules are the subsections of laws

**70.** On how many levels does the Panchayati Raj system function ?

(1) One

(2) Two

(3) Three

(4) Four

**66.** निम्नलिखित में से कौन-सी 'सार्वजनिक सुविधा' है ?

(1) लोक स्वास्थ्य देखभाल

(2) जन विरोध

(3) पब्लिक स्कूल

(4) लोक भविष्य निधि

**67.** वंचित वर्गों से सम्बन्धित लड़कियों की विद्यालय छोड़ने की दर _________ के कारण उच्चतर है ।

(1) अभिभावकों का उनकी पढ़ाई के प्रति उदासीनता

(2) जल्दी विवाह होने

(3) उनके परिवारों के निम्न सामाजिक-आर्थिक स्तर

(4) बालिका विद्यालयों की अनुपस्थिति

**68.** संक्षिप्ति EVM का पूर्ण रूप है

(1) Electronic Vision Model

(2) Extended Values Modules

(3) Electronic Voting Machine

(4) Election Vehicle Monitoring

**69.** 'कानून के शासन' का अर्थ है

(1) कानून तोड़ने की संभावना नहीं है

(2) लोकतंत्रीय समाज के लिए नियम और कानून अनिवार्य हैं

(3) नियम और कानून सभी पर समान रूप से लागू होते हैं

(4) नियम कानून के उपभाग हैं

**70.** पंचायती राज व्यवस्था कितने स्तरों पर कार्य करती है ?

(1) एक

(2) दो

(3) तीन

(4) चार

**71.** It is important to reinstate the significance of the Social Sciences by

(1) highlighting its increasing relevance for a job

(2) laying the foundations for an analytical and creative mindset

(3) highlighting the need of the knowledge of social phenomenon

(4) emphasizing the values that are needed for an orderly society

**72.** The curriculum of Social Sciences should reflect

(1) interdependence of social phenomenon with Sciences

(2) domination of the national interests over local perceptions

(3) the need of cultivating the civic sense in the Indians

(4) integration of the perspectives of women with the discussion of any historical event

**73.** A teacher comes across the argument that "Parliamentary form of democracy is not suitable for India." She/He should react by

(1) reprimanding students for voicing such undemocratic ideas

(2) telling them not to make any value loaded judgment in a haste

(3) telling them that there is no other feasible alternative

(4) not dismissing or agreeing with it rather redirecting it towards what the Constitution intends

**71.** __________ के द्वारा सामाजिक विज्ञानों की सार्थकता को पुनः प्रतिष्ठित करना महत्त्वपूर्ण है ।

(1) रोज़गार के लिए इसकी बढ़ती सार्थकता को उजागर करने

(2) विश्लेषणात्मक और सृजनात्मक मानस की नींव रखने

(3) सामाजिक प्राकृघटना के ज्ञान की आवश्यकता को उजागर करने

(4) एक व्यवस्थित समाज के लिए आवश्यक मूल्यों पर बल देने

**72.** सामाजिक विज्ञानों की पाठ्यचर्या को __________ पर मनन करना चाहिए ।

(1) विज्ञानों के साथ सामाजिक प्राकृघटनाओं की अंतःनिर्भरता

(2) स्थानीय प्रत्यक्षण पर राष्ट्रीय हित के प्रभुत्व

(3) भारतीयों में नागरिक-समझ को विकसित करने की आवश्यकता

(4) किसी भी ऐतिहासिक घटना की चर्चा के साथ स्त्रियों के परिप्रेक्ष्यों को एकीकृत करने

**73.** एक शिक्षक के सामने यह तर्क आता है कि "लोकतंत्र का संसदीय रूप भारत के लिए उचित नहीं है ।" उन्हें किस प्रकार प्रतिक्रिया देनी चाहिए ?

(1) इस तरह के अलोकतांत्रिक विचारों को उठाने वाले विद्यार्थियों को घुड़कना

(2) उन्हें बताना कि इतनी जल्दी वे कोई भी मूल्य भारित निर्णय न करें

(3) उन्हें बताना कि कोई अन्य व्यावहारिक विकल्प नहीं है

(4) इस तर्क को न तो खारिज करें और न ही सहमत हों बल्कि संविधान की भावना की तरफ इसे पुनः निर्देशित करें

74. A Political Science text-book refers to the inequality existing in the USA under the topic 'Equality' to

(1) show that it is a global phenomenon

(2) show that even the USA cannot control it

(3) prove that the USA is not a model democracy

(4) prove that India is the most democratic nation of the world

75. Historians and archaeologists are sometimes compared with detectives because

(1) they write about the secret missions that took place in the past

(2) they serve as secret agents for tracing treasures of the past

(3) they take clues from various sources while investigating about the past

(4) they disguise themselves as detectives

76. While teaching 'Inequality' which of the following would be the best suited approach ?

(1) Discuss as it is given in the text-book

(2) Highlight the inequality faced by the people

(3) Talk on topics like female foeticide and dowry system etc.

(4) Highlight the constitutional provisions to bring about equality

77. While teaching History

(1) all important dates should be remembered with the help of mnemonics

(2) rise and fall of dynasties should be marked clearly

(3) processes leading to events should be analyzed in the light of reasons and child's own experience

(4) a distinction should be there in political and socio-cultural events

74. राजनीति विज्ञान की पाठ्य-पुस्तक 'समानता' प्रकरण के अंतर्गत संयुक्त राज्य अमेरिका में विद्यमान असमानता के बारे में संदर्भ क्यों रखती है ?

(1) यह प्रदर्शित करना कि यह एक वैश्विक प्राकृघटना है

(2) यह प्रदर्शित करना कि संयुक्त राज्य अमेरिका भी इसे नियंत्रित नहीं कर सकता

(3) यह सिद्ध करना कि संयुक्त राज्य अमेरिका आदर्श लोकतंत्र नहीं है

(4) यह सिद्ध करना कि भारत विश्व का सबसे लोकतांत्रिक राष्ट्र है

75. कभी-कभी इतिहासकारों और पुरातत्त्वविदों की तुलना जासूसों से की जाती है क्योंकि

(1) वे अतीत के गोपनीय अभियानों के बारे में लिखते हैं

(2) वे अतीत के खजाने को खोजने में गोपनीय एजेंट के रूप में कार्य करते हैं

(3) वे अतीत के बारे में जाँच-पड़ताल करने के दौरान विभिन्न स्रोतों से संकेत लेते हैं

(4) वे स्वयं को जासूस की तरह छद्म रूप में प्रदर्शित करते हैं

76. 'असमानता' पढ़ाते समय निम्नलिखित में से कौन-सा उपागम सर्वाधिक उचित है ?

(1) इस पर वैसे चर्चा करना जैसा कि पाठ्य-पुस्तक में दिया गया है

(2) व्यक्तियों द्वारा असमानता का सामना करने को उजागर करना

(3) कन्या भ्रूणहत्या और दहेज व्यवस्था आदि जैसे प्रकरणों पर बातचीत करना

(4) समानता लाने के लिए संवैधानिक प्रावधानों को उजागर करना

77. इतिहास पढ़ाते समय

(1) निमोनिकों (स्मरण विधि) की सहायता से सभी महत्त्वपूर्ण तिथियों को याद करना चाहिए

(2) वंशों के उत्थान और पतन को स्पष्टतः चिह्नित करना चाहिए

(3) कारणों और बच्चे के अपने अनुभव के प्रकाश में घटनाओं को अग्रेषित करने वाली प्रक्रियाओं का विश्लेषण करना चाहिए

(4) राजनीतिक और सामाजिक-सांस्कृतिक घटनाओं में अंतर करना चाहिए

**78.** Which of the following would be better suited to enable children to express their views on public issues ?

(1) Scrapbook

(2) Chart

(3) Wall magazine

(4) Flash Card

**78.** सार्वजनिक मुद्दों पर बच्चों द्वारा अपने विचार व्यक्त करने के योग्य बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा बेहतर है ?

(1) स्क्रैपबुक

(2) चार्ट

(3) भित्ति पत्रिका

(4) फ्लैश-कार्ड

**79.** History text-books have a box 'Elsewhere' at the end of each chapter

(1) to attract the attention of students

(2) to make the chapter interesting to students

(3) to increase the general knowledge of students

(4) to relate contemporary developments around the world with each other

**79.** इतिहास की पाठ्य-पुस्तकों में प्रत्येक अध्याय के अंत में 'Elsewhere' एक बॉक्स है

(1) विद्यार्थियों के ध्यान को आकर्षित करने के लिए

(2) विद्यार्थियों के लिए अध्याय को रोचक बनाने के लिए

(3) विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाने के लिए

(4) विश्व के समसामयिक घटनाक्रमों को एक-दूसरे के साथ जोड़ने के लिए

**80.** In History text-books many sources have been given in each chapter

(1) to prove the creative talent of the authors

(2) to prove that more than one source are always better

(3) to justify the selection of topic

(4) to encourage students to work on sources and derive interpretation

**80.** इतिहास की पाठ्य-पुस्तकों में प्रत्येक अध्याय में बहुत से स्रोत दिए गए हैं

(1) लेखकों की सृजनात्मक प्रतिभा प्रमाणित करने के लिए

(2) एक से अधिक स्रोत हमेशा बेहतर होता है, प्रमाणित करने के लिए

(3) प्रकरण का चयन न्यायोचित ठहराने के लिए

(4) स्रोतों पर काम करने और निर्वचन करने हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए

**81.** British period official records ***cannot*** help in writing objective History because

(1) events in these records are not mentioned in chronological order

(2) they contain only superficial information

(3) the British recorded their subjective view and ignored the feelings of the people

(4) they were meant only for producing a rosy picture of the British rule

**81.** ब्रिटिश कालीन सरकारी अभिलेख वस्तुनिष्ठ इतिहास के लिखने में सहायता ***नहीं*** कर सकते क्योंकि

(1) इन अभिलेखों में घटनाओं का कालक्रमानुसार उल्लेख नहीं किया गया है

(2) इनमें केवल सतही सूचनाएँ हैं

(3) ब्रिटिशों ने अपने व्यक्तिनिष्ठ विचार रिकॉर्ड किए हैं और व्यक्तियों की भावनाओं की उपेक्षा की है

(4) वे केवल ब्रिटिश शासन की खुशनुमा तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए हैं

**82.** Cumulative record of the evaluation in Social Science should

(1) have attendance and medical records of the students

(2) have a record of incidences of indiscipline shown by students

(3) have a record of progressive development of students' interests, aptitude and social adjustments

(4) have a record of students' behaviour on any specific day

**82.** सामाजिक विज्ञान में मूल्यांकन के संचित अभिलेखों में होना चाहिए

(1) विद्यार्थियों की उपस्थिति और चिकित्सा रिकॉर्ड

(2) विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित अनुशासनहीनता की घटनाओं का रिकॉर्ड

(3) विद्यार्थियों की रुचियों, अभिक्षमता और सामाजिक समायोजनों के प्रगतिशील विकास का रिकॉर्ड

(4) किसी भी विशिष्ट दिन विद्यार्थियों के व्यवहार का रिकॉर्ड

**83.** Which one of the following is against the spirit of pedagogy of Social Science ?

(1) Making connections to students' lives

(2) Aligning experiences to important outcomes

(3) Making students appear in as many tests as possible

(4) Designing experiences that interest students

**83.** निम्नलिखित में से कौन-सा सामाजिक विज्ञान के शिक्षाशास्त्र की भावना के विरुद्ध है ?

(1) विद्यार्थियों के जीवन से सम्बन्ध बनाना

(2) महत्त्वपूर्ण परिणामों के साथ अनुभवों को शामिल करना

(3) विद्यार्थियों को यथासंभव परीक्षाओं में बैठाना

(4) वैसे अनुभवों का अभिकल्पन करना जो विद्यार्थियों में रुचि पैदा करें

**84.** In Class VIII a teacher starts the chapter 'Local Self-Government' by asking students the names and responsibilities of Pradhan and Sarpanch of their village and then explains the importance of Panchayati Raj System. Which of the teaching maxims is the teacher following ?

(1) Proceed from abstract to concrete

(2) Proceed from simple to complex

(3) Proceed from indefinite to definite

(4) Proceed from empirical to rational

**84.** कक्षा VIII में शिक्षक विद्यार्थियों से उनके गाँव के प्रधान और सरपंच के नाम तथा ज़िम्मेदारियाँ पूछते हुए 'स्थानीय स्व-शासन' अध्याय को पढ़ाना शुरू करते हैं और इसके उपरांत वह पंचायती राज व्यवस्था की महत्ता को स्पष्ट करते हैं । शिक्षक किस शिक्षण-सूत्र का अनुपालन कर रहे हैं ?

(1) अमूर्त से मूर्त की ओर

(2) सरल से जटिल की ओर

(3) अनिश्चित से निश्चित की ओर

(4) आनुभाविकता से तार्किकता की ओर

85. Introduction of Comprehensive and Continuous Evaluation has made the evaluation system

(1) more reflective of the entire personality of a child

(2) complex by incorporating too many details

(3) vague as exact rank of the student cannot be found out

(4) more comprehensive to analyse the performance only in the scholastic areas

85. सतत और व्यापक मूल्यांकन की शुरुआत ने मूल्यांकन-व्यवस्था को

(1) बच्चे के संपूर्ण व्यक्तित्व को ज़्यादा प्रदर्शित करने वाला बनाया है

(2) बहुत अधिक विवरण को शामिल करते हुए जटिल बनाया है

(3) अस्पष्ट बनाया है क्योंकि विद्यार्थी के निश्चित रैंक को जाना नहीं जा सकता

(4) केवल शैक्षणिक क्षेत्रों में निष्पादन का विश्लेषण करने के लिए ज़्यादा व्यापक बनाया है

86. To teach 'Multipurpose River-Valley Projects' which of the following would be best suited ?

(1) Discuss the harmful effects of dams on ecology

(2) Take students on a field trip

(3) Give students project on the topic

(4) Deliver a well prepared lecture

86. 'बहु-उद्देशीय नदी-घाटी परियोजनाओं' को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से सर्वाधिक उचित क्या है ?

(1) पारिस्थितिकी पर बाँधों के हानिकारक प्रभावों की चर्चा करना

(2) विद्यार्थियों को क्षेत्र-भ्रमण पर ले जाना

(3) प्रकरण पर विद्यार्थियों को परियोजना देना

(4) भली-प्रकार से तैयार व्याख्यान देना

7. While preparing a lesson plan on the topic 'Resources' what will be your first step ?

(1) Select teaching aids

(2) Frame objectives

(3) Go through the topic many times

(4) Prepare introductory questions

87. 'संसाधन' प्रकरण पर पाठ-योजना बनाते समय आपका पहला सोपान क्या होगा ?

(1) शिक्षण-सामग्रियों का चयन

(2) उद्देश्यों का निर्धारण

(3) प्रकरण को कई बार पढ़ना

(4) प्रस्तावना से जुड़े सवाल तैयार करना

**88.** Remedial teaching cannot be done for __________ students.

(1) dyslexic

(2) gifted

(3) showing lower than average performance

(4) showing above average performance

**88.** उपचारात्मक शिक्षण __________ विद्यार्थियों को नहीं दिया जा सकता ।

(1) डिस्लेक्सिक

(2) प्रतिभाशाली

(3) औसत से कम निष्पादन प्रदर्शित करने वाले

(4) औसत से अधिक निष्पादन प्रदर्शित करने वाले

**89.** 'Micro teaching' is

(1) teaching by observing minute behaviour of students

(2) organized practice teaching

(3) micro managing the routine of students in the school

(4) teaching students in small groups

**89.** 'सूक्ष्म शिक्षण' है

(1) विद्यार्थियों के सूक्ष्म व्यवहारों का अवलोकन करते हुए पढ़ाना

(2) शिक्षण-अभ्यास आयोजित करना

(3) विद्यालय में विद्यार्थियों की नित्यचर्या का सूक्ष्म प्रबंधन

(4) छोटे समूहों में विद्यार्थियों को पढ़ाना

**90.** Learning processes in a Social Science classroom should ask students to

(1) study text-books thoroughly and mark important lines

(2) make notes on the discussions held in the class

(3) attempt all the questions given in the exercise

(4) reflect on the learning and on the responses it requires of them

**90.** सामाजिक विज्ञान कक्षा-कक्ष में सीखने की प्रक्रियाओं में विद्यार्थियों को

(1) पूरी पाठ्य-पुस्तक को ध्यान से पढ़ने और महत्त्वपूर्ण पंक्तियों को चिह्नित करने के लिए कहना चाहिए

(2) कक्षा में होने वाली चर्चाओं पर नोट्स बनाने के लिए कहना चाहिए

(3) अभ्यास में दिए गए सभी प्रश्नों को करने के लिए कहना चाहिए

(4) सीखने और उनसे अपेक्षित प्रतिक्रियाओं पर मनन करवाना चाहिए

P

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – I.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART IV
# LANGUAGE I
# ENGLISH

***Directions :*** *Read the poem given below and answer the questions that follow (Q. No. 91 to 97) by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

T'was the night before Christmas,
And all through the kitchen,
My mother was cooking some delicious chicken.
All of the sudden,
The light bulb broke,
And my mother randomly started to choke.
In a flash, Superman came.
My brother thought his costume was lame.
And instead of rescuing the day,
He ate up my dinner,
And he flew away !
Santa burnt the house with dynamite and flares,
I guess I was on the naughty list, next year,
I'll care !

**91.** To introduce the above poem the teacher should

(1) read the poem aloud

(2) discuss about Christmas and Santa Claus

(3) tell about Superman

(4) tell about Santa

**92.** The night before Christmas is also spoken of as

(1) Christmas eve

(2) Christmas night

(3) night before Christmas

(4) night of Christ

**93.** Superman came and

(1) helped the mother

(2) did not help

(3) ate up the child's dinner

(4) burnt the house

**94.** The word 'instant' can replace which of these words from the poem ?

(1) sudden

(2) randomly

(3) flew away

(4) in a flash

**95.** Santa refers to

(1) Santa Claus

(2) the servant

(3) a crook

(4) a poor man

**96.** The speaker feels that Santa burnt the house because

(1) he did not get any dinner

(2) the child had been naughty

(3) Superman went away without meeting him

(4) that is his job

**97.** Both Superman and Santa were doing

(1) what they always did

(2) things against their basic nature

(3) all this to have fun

(4) these things because the boy had troubled them

***Directions** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 98 – 105) by selecting the **most appropriate** option.*

Heights of Abraham are cliffs. These are one of the outstanding natural features of the city of Quebec in Canada and were the scene of a famous battle. Major General James Wolfe (1727 – 59) was only thirty-two years old when commanded by the British Prime minister, William Pit, to capture Quebec from the French during the seven year war (1756 – 63). The capture of the city lying on the banks of the St. Lawrence river in Eastern Canada, would open the way for the overthrow of the French forces in North America. For three months in the summer of 1759, Wolfe attempted to overcome the French by frontal attack from across the river, but the defenders held an almost impregnable position. Wolfe decided to make an attack from the rear in the early, dark hours of September 13. He held his army across the river above the town and surprised the French soldiers guarding the small cove which now bears his name. Then came the highly dangerous task of scaling the cliffs — the Heights of Abraham. By sunrise Wolfe and his army of 4000 had achieved their goal and were on the Plains of Abraham drawn up in battle array and ready to fight.

